
# टॉमी की अनोखी सवारियाँ

हेलन पामर



# टॉमी की अनोखी सवारियाँ

हेलन पामर





अपनी साइकिल पर सवार एक लड़का, टॉमी के घर के सामने से, तेज़ी से जा रहा था. वह एक हरकारा था.

टॉमी ने उसे खिड़की से देखा. "ऊऊऊ!" टॉमी ने कहा. "वह बहुत तेज़ जा रहा है. ऊऊऊ!.....ऊऊऊ!.... वह पेड़ से टकरा जाएगा!"

उसी पल, लड़का पेड़ से टकरा गया. उसकी साइकिल टूट गई. वह स्वयं साइकिल के हैंडल के ऊपर से उछल कर टॉमी के घर के अहाते में आ गिरा.



टॉमी बाहर भागा. "क्या तुम्हें..... क्या तुम्हें कहीं चोट तो नहीं लगी?" उसने लड़के से पूछा.

"नहीं....नहीं....मुझे चोट नहीं लगी....लेकिन देखो! मेरी साइकिल टूट गई है!"

"घबराओ नहीं," टॉमी बोला. "जाओ, इसे ठीक करा लो."

"मैं नहीं करा सकता!" लड़का विलाप करते हुए बोला. "मैं बहुत जल्दी में हूँ. यह देखो?" उसने पीले रंग का बड़ा लिफ़ाफ़ा दिखाते हुए कहा. "यह एक बहुत ही आवश्यक संदेश है. मुझे अभी इसे माननीय मेयर साहिब के पास ले जाना है."

"माननीय मेयर साहिब!" टॉमी चिल्ला कर बोला. "अरे, मैं जानता हूँ कि वह कहाँ रहते हैं. मैं यह संदेश उनके पास ले जाऊँगा और इस बीच तुम अपनी साइकिल ठीक करवा लेना."

"लेकिन....लेकिन...." लड़के ने कहा. "क्या तुम सच में इसे ले जाओगे? और तुम इसे तुरंत ले जाओगे?"

"बेशक," टॉमी ने कहा. "मैं जो भी वचन देता हूँ उसे मैं हमेशा पूरा करता हूँ."

टॉमी ने पीला लिफ़ाफ़ा झपट कर पकड़ लिया और सड़क पर दौड़ पड़ा.




आगे नुक्कड़ पर उसे एक बस दिखाई दी. टॉमी कूद कर उस पर चढ़ गया. सीढ़ी चढ़ कर वह ऊपर आ गया और खाली सीट पर बैठ गया. हर कोई उसके पीले लिफाफे को देख रहा था.

“अह हा!” सब फुसफुसाने लगे. “कोई महत्वपूर्ण संदेश लगता है!”

“म्म्म्म्म” टॉमी ने अपने से कहा. “यह बस बहुत तेज़ नहीं चल रही. यह बार-बार रुक रही है. मुझे किसी तेज़ सवारी से जाना चाहिए.”







वह उछल कर खड़ा हो गया. “मुझे उतरने दो!” वह चिल्लाया. वह दौड़ कर सीढ़ियों से नीचे उतरा और कूद कर सड़क पर आ गया.

पीछे से एक बड़ा, सफेद रंग का दूध का ट्रक आ रहा था. टॉमी ने हाथ हिला कर उसे रुकने के लिए संकेत किया.

“मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक संदेश है,” टॉमी ने दूधवाले से कहा. “क्या आप मुझे अपने ट्रक में सवारी करने देंगे?”

“अवश्य,” दूधवाले ने सिर हिलाया. “जल्दी अंदर आ जाओ.”






लेकिन दूध का ट्रक तो बस से भी अधिक बार रुक रहा था. वह मिसेज़ फॉस्टर, मिसेज़ केए, मिसेज़ सिलवरस्टीन के घरों में दूध और क्रीम देने के लिए रुका.

“ओह!” टॉमी दुःखी स्वर में बोला. “यह ट्रक तो हर जगह रुक रहा है.

माननीय मेयर साहिब के पास, अपने वचन अनुसार, यह संदेश मैं समय पर कभी न पहुँचा पाऊँगा.” उसने हाथ हिला कर दूधवाले को अलविदा कहा और कूद कर ट्रक से उतर गया.

तभी एक सामान ले जाने वाली वैन आई. टॉमी ने उस पर सवार होने की अनुमति माँगी.




वैन पर किसी के घर बहुत सारा सामान लदा था- मेज़ें, कुर्सियाँ, कालीन, इस्त्री करने के लिए बोर्ड और पेंडूलम वाली एक बड़ी घड़ी.


"हंफ!" टॉमी सोचने लगा. "कोई कहीं से कहीं ओर घर बदल रहा होगा. शायद मेयर के घर के पास ही कहीं वह जा रहे हों!"

कैसा सौभाग्य! वह उधर ही जा रहे थे! मेयर के घर के सामने ही टॉमी कूद कर उतर गया.

घर के सामने वाली सीढ़ियों पर वह दौड़ता हुआ चढ़ गया.

**बरिंग! बरिंग! बरिंग!**

उसने तीन बार घंटी बजाई. सफेद एप्रन पहने एक सेविका ने दरवाज़ा खोला.



"माननीय मेयर साहिब के लिए एक आवश्यक संदेश!" टॉमी ने हाँफते हुए कहा. उसने पीला लिफ़ाफ़ा आगे किया.

"च....च...!" सेविका ने कहा, "माननीय मेयर साहिब अभी दो सैकंड पहले ही यहाँ से गए हैं. देखो! वहाँ उनकी कार जा रही है!" उसने सड़क पर दिखते धूल के एक गुब्बार की ओर संकेत किया. "अब तुम उनसे मिल न पाओगे."




"लेकिन मुझे उनसे मिलना ही है," टॉमी ने ऊंची आवाज़ में कहा. वह दौड़ते हुए सीढ़ियों से नीचे उतरा. "जो मैंने वचन दिया है उसे पूरा करना ही है."

फुटपाथ के निकट एक टैक्सी खड़ी थी. वह झटपट उसमें बैठ गया.



“उस गर्द के गुब्बार का पीछा करो!” उसने चिल्लाकर ड्राइवर से कहा.

ट्रालियों को पीछे छोड़ते हुए, ट्रकों को पीछे छोड़ते हुए, हरी और पीली बत्तियों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने मेयर की कार का पीछा किया. फिर अचानक वह एक लाल बत्ती पर पहुंच गए.







“रुको नहीं!” टॉमी चिल्लाया. “किसी भी कारण नहीं रुकना.”

“लड़के,” ड्राइवर ने गुस्से से कहा. “जब बत्ती लाल होती है तो रुकना पड़ता है. यह एक नियम है.”

“लेकिन मैं माननीय मेयर साहिब के लिए आवश्यक संदेश ले जा रहा हूँ!”

तभी टॉमी ने साइरन की कर्कश आवाज़ सुनी “वूऊऊऊ...वूऊऊऊ...वूऊऊऊऊ...वूऊऊऊऊ!” फिर घंटियों की ऊँची आवाज़ सुनाई दी! “फायर-इंजन!” वह चिल्लाया. “वह टेक्सी से तेज़ चलते हैं!”




एक पल बाद, फायर-इंजन पर रखी सीढ़ी के पिछले सिरे से टॉमी लटक रहा था. वह हवा में झूल रहा था. क्या सवारी थी! तेज़.. तेज़.. तेज़...

वह धनधनाते हुए आगे बढ़ रहे थे...मेयर की कार के पास, और पास.

“बहुत बढ़िया!” टॉमी ने सोचा. “बस एक सैकंड में हम उन तक पहुंच जायेंगे!”

लेकिन वह पहुँच न पाये. अचानक वह एक घर के निकट पहुंचे जहाँ आग लगी हुई थी. वह रुक गये. फायर-मैन फायर-इंजन से कूद कर नीचे आ गये और होज़-पाइप खोलने लगे.

“लेकिन मैं आग बुझने की प्रतीक्षा नहीं कर सकता!” टॉमी ने चिल्ला कर कहा. “मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक संदेश है.” वह भाग खड़ा हुआ.

अब वहाँ कुछ भी न था जिसकी वह सवारी कर पाता.






“मुझे दौड़ कर ही जाना होगा!” टॉमी ने कहा. और वह कितनी तेज़ दौड़ा! तेज़... और तेज़... मेयर की कार के निकट, और निकट वह पहुँचता गया. वह हाँफ रहा था. “मैं करीब पहुंच रहा हूँ. आखिरकार मैं सच में उनके पास पहुंच रहा हूँ!”

और वह उनके पास पहुँच ही जाता लेकिन तभी उसे ठोकर लग गई. धड़ाम! वह नीचे गिर गया.

फिर कुछ अजीब बातें होने लगीं.



कोई चीज़ टॉमी को पकड़ कर गोल-गोल घुमाने लगी. और फिर उसके चेहरे कर ठंडा पानी डाल दिया. वह बड़ी मुसीबत में फँस गया था. सड़क साफ करने वाली मशीन के ब्रूम ने सफाई करते हुए उसे अपने भीतर खींच लिया था.

टॉमी हाथ-पाँव मारने लगा. वह चीखा, “मुझे यहाँ से निकालो. मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक आवश्यक संदेश है!” आखिरकार उसने अपने-आप को ब्रूम से अलग कर ही लिया.

उसी पल एक एम्बुलेंस उसके पास आकर रुकी.





एम्बुलेंस का पिछला दरवाज़ा धमाके से खुल गया. सफेद सूट पहने एक डाक्टर कूद कर बाहर आया. उसने टॉमी को, एक नन्हे बच्चे समान, अपनी बाँहों में उठा लिया.

"क्या तुम्हें बहुत चोट लगी है?" उसने पूछा.

"मुझे कोई चोट नहीं लगी!" टॉमी ने चिल्ला कर कहा. "मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक आवश्यक संदेश है! मुझे जाने दो!"

लेकिन डाक्टर ने उसकी एक न सुनी.



टॉमी को उठा कर वह एम्बुलेंस के भीतर ले आया और उसे बिस्तर कर लिटा दिया.


उसने टॉमी का मुँह खोला और भूरे रंग की एक गोली मुँह के अंदर डाल दी.

टॉमी ने गोली को थूक दिया. “मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए संदेश है!” वह दुबारा चिल्लाया. “मुझे जाने दो. जो वचन मैंने दिया था, वह काम मुझे करना ही है.”

वह बिस्तर से कूद कर उठ गया. डाक्टर को एक ओर धकेलता हुआ वह एम्बुलेंस से बाहर आ गया.

नीले मोटर साइकिल पर सवार एक पुलिस मैन पीछे से आ रहा था.





"हुर्रे!" टॉमी चिल्लाया. "एक पुलिस मैन!" उसने हाथ हिला कर उसे रुकने का इशारा किया.

"मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक संदेश है! जल्दी करो!...वह वहाँ जा रहे हैं!" उसने दूर सड़क पर दिखते धूल के गुब्बार की ओर संकेत किया.


उसी पल वह तीव्र गति से चल पड़े. हवा सनसनाती हुई उसके बालों से गुज़र रही थी. तेज़....और तेज़!

वह मेयर की कार के करीब... और करीब पहुंच रहे थे!



लेकिन अचानक मेयर की कार मोड़ पर घूम कर रेलवे-स्टेशन की ओर चली गई. वह रुक गई.


“वह ट्रेन पर चढ़ रहे हैं!” टॉमी ने चिल्ला कर कहा. “उनके जाने से पहले मुझे उनके पास पहुंचना होगा!”



फिर टॉमी को सीटी की तेज़ आवाज़ सुनाई दी. उसका दिल बैठ गया. ट्रेन चलनी शुरु हो गई थी....और मेयर उस में बैठे थे. टॉमी को बहुत देर हो गई थी.

टॉमी स्टेशन के प्लेटफार्म की ओर फटाफट आया. “मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक संदेश है!” वह चिल्लाया. “मेरे लिए एक इँजन लायें. मुझे अभी उनकी ट्रेन तक जाना है.”

“हमारे पास कोई इँजन नहीं है.” स्टेशन मास्टर ने कहा. “क्या ट्रॉली से काम चल जायेगा?”




एक ट्राली....बिलकुल उपयुक्त सवारी! टॉमी पटरी पर ट्राली का हैंडल स्वयं चलाने लगा.

दूर मेयर की ट्रेन का धूँआ उसे दिखाई दे रहा था.

रेल की पटरी गोल-गोल घूमती हुई पहाड़ के चोटी तक जा रही थी. बड़े परिश्रम से वह ट्राली का हैंडल चलाता रहा, लेकिन बहुत प्रयास के बाद भी वह ट्रेन तक न पहुंच पाया. मेयर की ट्रेन पहाड़ की चोटी पर पहले पहुंच गई.

“फिर टॉमी ने कुछ ऐसा देखा कि आश्चर्य से उसका मुँह खुला का खुला रह गया.





उसने देखा कि मेयर एक दूसरे पहाड़ की चोटी की ओर जा रहे थे. रस्सी से लटकी एक बड़ी टोकरी में बैठ कर वह उस पार जा रहे थे.

"मेरे पास माननीय मेयर साहिब के लिए एक संदेश है!" टॉमी ने ऊंची आवाज़ में कहा. "मेरे लिए भी एक टोकरी लाओ! जो वचन मैंने दिया था वह काम मुझे करना ही है."



एक पल बाद टॉमी भी, मेयर के बिलकुल पीछे, दूसरी टोकरी में जा रहा था.

मेयर पहले पहुँचे. लेकिन इस बार उन्होंने टॉमी को आते देख लिया.

“माननीय मेयर साहिब के लिए एक संदेश,” टॉमी ने हाँफते हुए कहा.


टोकरी से बाहर झुक कर उसने पीला लिफ़ाफ़ा उन्हें दिया. “मुझे आशा है कि इसे आप तक पहुंचाने में मुझे बहुत देर न हुई होगी.”

मेयर ने लिफ़ाफ़ा खोला. वह संदेश पढ़ने लगे. “धन्यवाद, मेरे बच्चे,” वह ऊँची आवाज़ में बोले. “तुम सही समय पर आ गये! मैं भूल ही गया था कि मैंने परेड की अगुवाई करने का वचन दिया था!”

“किस परेड की अगुवाई, सर?” टॉमी ने पूछा.

“सर्कस परेड की!” मेयर ने कहा. “जल्दी करो!....हमें तुरंत पहाड़ से नीचे वापस जाना होगा. इसी समय वह  परेड के लिए जानवरों को इकट्ठा कर रहे होंगे.”





वह एक शानदार परेड थी. शेर मस्ती कर रहे थे. बाघ मस्ती कर रहे थे. विदूषक मस्ती कर रहे थे और वैसे ही चरवाहे और एक विशाल आदमी और काले घोड़े पर सवार गुलाबी पोशाक पहने पाँच औरतें मस्ती कर रही थीं.

लेकिन उस दुपहर में जिस ने सबसे अधिक मस्ती की वह थी टॉमी. वह उस विशाल, सफेद हाथी की सूँड पर सवार था जिसमें मेयर बैठे थे और जो परेड के सबसे आगे चल रहा था.



समाप्त